# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर ''एक दीया आशीर्वाद का'' कार्यक्रम आयोजित

## ''सेवा ही संगठन'' की भावना के साथ सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना भाजपा की कार्यसंस्कृति का हिस्सा : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान का आगाज आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित कर किया। राठौड़ ने कहा कि आज देश की जनता विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और समृद्धि

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन द्वारा सेवा कार्यों के माध्यम से दी जा रही है शुभकामनाएं**



प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित किया।

चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेवा करते हुए अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिनका प्रभाव देश के विकास और आमजन के जीवन में दिखाई देता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रेलवे के विद्युतीकरण, जल संरक्षण एवं जल योजनाओं, किसानों के हित में विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान और मुद्रा योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाया गया। किसानों को सशक्त करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि और फसल बीमा जैसी योजनाओं के माध्यम से उन्हें आर्थिक सुरक्षा देने के प्रयास किए गए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ देश को औद्योगिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया। आज भारत कई क्षेत्रों में अपने उत्पादों का निर्माण कर रहा है और उनका निर्यात भी कर रहा है। और भारत रक्षा उपकरणों के निर्माण तथा निर्यात की दिशा में आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों की भी सहायता की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़, उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, सांसद मंजू शर्मा,विधायक गोपाल शर्मा, भाजपा आईटी प्रभारी अविनाश जोशी, सोशल मीडिया प्रभारी हीरेंद्र कौशिक, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जयपुर।** जयपुर रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर गुरुवार को रेलवे ट्रैक पर करीब 30 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। प्रथम दृष्टया जांच में युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होना सामने आया है। ट्रेन से टक्कर लगने के बाद युवक उछल कर कुछ दूरी पर जा गिरा। सूचना मिलने पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

पुलिस के अनुसार रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक ट्रेन की चपेट में आया था। टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछल कर कुछ दूरी पर जा गिरा।

पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।



जयपुर में गुरुवार दोपहर बाद मौसम बदला और शाम करीब साढ़े चार बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरू हुई। करीब ढाई घंटे चले बारिश के दौर में 55 मिमी पानी दर्ज किया गया। इस दौरान एमडी रोड बारिश के पानी से लबालब हो गई।

# जयपुर में आज जुटेंगे देशभर के यूरोलॉजी विशेषज्ञ

## 25 से अधिक रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी का होगा लाइव प्रदर्शन

**जयपुर।** यूरोलॉजी के क्षेत्र में उपचार की नई तकनीकों,जटिल बीमारियों और रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी पर मंथन के लिए देशभर के प्रमुख यूरोलॉजिस्ट 18 और 19 सितंबर को जयपुर में जुटेंगे। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन टोंक रोड दुर्गापुरा स्थित होटल रॉयल ऑर्चिड में किया जाएगा। कॉन्फ्रेंस के दौरान सवाई मानसिंह अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी सेंटर से रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी का लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इस कॉन्फ्रेंस में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी सेंटर में बने दो ऑपरेशन थिएटरों से एक साथ सर्जरी का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। डॉक्टरों की टीम रोबोटिक और लेप्रोस्कोपिक तकनीक से ऑपरेशन कर विशेषज्ञों और प्रतिभागियों को पूरी

- **जटिल बीमारियों और रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी पर मंथन के लिए देशभर के प्रमुख यूरोलॉजिस्ट 18 और 19 सितंबर को जयपुर में जुटेंगे**

प्रक्रिया दिखाएगी। दो दिनों में 25 से अधिक रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी किए जाने की जानकारी दी गई है।

कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन एवं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. शिवम प्रियदर्शी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य यूरोलॉजी के क्षेत्र में नए चिकित्सकों को रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी की आधुनिक तकनीकों और उनकी बारीकियों से परिचित कराना है।

उन्होंने बताया कि लाइव सर्जरी के दौरान रोबोट और लेप्रोस्कोपी के माध्यम से रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी करने की प्रक्रिया, इसमें आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में विशेषज्ञ विस्तार से जानकारी देंगे। इससे कॉन्फ्रेंस में शामिल चिकित्सकों को वास्तविक ऑपरेशन प्रक्रिया को समझने का अवसर मिलेगा।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभाग के गठन के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एसएमएस मेडिकल कॉलेज से यूरोलॉजी की पढ़ाई कर चुके चिकित्सक भी शामिल होंगे ।

## किसान बिजली-पानी के लिए तरस रहे हैं : जूली

**जयपुर ।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य की विकट परिस्थितियों और नगर निकाय चुनाव परिणामों के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के रवैये पर तीखा हमला बोला है। जूली ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के अनेक जिलों में पर्याप्त बारिश न होने से खरीफ की फसलें मुरझाने और झुलसने लगी हैं। किसान सिंचाई के लिए पूरी तरह बिजली पर निर्भर हैं और निरंतर बिजली आपूर्ति की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रदेशभर में लंबी-लंबी घोषित-अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में पहली बार ऐसा अभूतपूर्व और चिंताजनक सियासी माहौल देखने को मिल रहा है, जहाँ एक तरफ जनता समस्याओं से जूझ रही है और दूसरी तरफ निकाय चुनावों में करारी शिकस्त व बड़ा झटका मिलने के बावजूद सत्तारूढ़ भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करते हुए कांग्रेस और कांग्रेस समर्थित पार्षदों पर अनैतिक दबाव बना रही है तथा उन्हें अकारण परेशान कर रही है।

# हाईकोर्ट ने शिक्षकों की कमी को लेकर मांगा जवाब

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय और पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के गिरते शैक्षिणक स्तर पर प्रमुख उच्च शिक्षा सचिव, विश्वविद्यालय के चांसलर, वीसी और इंस्टीट्यूट से जवाब तलब किया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस संदीप तनेजा की खंडपीठ ने यह आदेश पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एलुमनाई सोसाइटी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता आरडी रस्तोगी ने अदालत को बताया कि राजस्थान

- **'पोद्दार इंस्टीट्यूट में स्वीकृत 9 पदों के मुकाबले एक एसोसिएट प्रोफेसर नियमित रूप से नियुक्त है'**

विश्वविद्यालय अपना एक विशेष महत्व रहा है। यहां से बहुत सारे प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, न्यायाधीश और वैज्ञानिकों सहित बड़े व्यवसायी छात्र जीवन में शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। बीते कुल सालों से विवि और पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सहायक प्रोफेसर्स की संख्या कम होती जा रही है और विवि व राज्य सरकार इन्हें भरने में रूचि नहीं दिखा रही।याचिका में बताया गया कि गत एक मई को विवि में शिक्षकों के कुल 949 पद थे। जिसमें 61 प्रोफेसर, 135 एसोसिएट प्रोफेसर एवं 753 सहायक प्रोफेसर के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 2 प्रोफेसर, 19 एसोसिएट प्रोफेसर एवं 362 सहायक प्रोफेसर सहित कुल करीब 383 नियुक्त हैं। इसी तरह पोद्दार इंस्टीट्यूट में स्वीकृत 9 पदों के मुकाबले एक एसोसिएट प्रोफेसर नियमित रूप से नियुक्त हैं और बाकी पार्ट टाइम व गेस्ट फेकल्टी से अध्यापन कराया जा रहा है। शिक्षकों के पद खाली होने के कारण ना केवल शिक्षा के स्तर में भारी गिरावट आती है, बल्कि रिसर्च और नये-नये पाठ्यक्रमों को बढ़ाने में भी बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# गहलोत आरोप लगाने के बजाय कांग्रेस के प्रदर्शन पर आत्ममंथन करें : मदन राठौड़

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा निकाय चुनाव परिणामों को लेकर की गई प्रेसवार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत ने भाजपा के जनादेश को स्वीकार करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चुनावी तैयारियों और संगठन पर ही सवाल खड़े कर दिए। गहलोत की प्रेसवार्ता से एक बार फिर गहलोत, डोटासरा और जूली की आपसी नाराजगी उजागर हो गई। गहलोत ने स्वयं माना कि भाजपा से नाराजगी के बावजूद कांग्रेस मतदाताओं को अपने पक्ष में नहीं ला सकी और वह मतदाता निर्दलीय प्रत्याशियों की ओर चला गया। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी चुनावी मैदान में कहीं नजर नहीं आई।

राठौड़ ने कहा कि गहलोत की प्रेसवार्ता में निकाय चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा उन्हें दूर रखे जाने का दर्द भी साफ झलका और कांग्रेस की आपसी फूट एक बार फिर जनता के सामने उजागर हो गई। उन्होंने कहा कि गहलोत अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देखकर बौखला गए हैं। जनता के जनादेश को स्वीकार करने के बजाय वे भाजपा पर अनर्गल और बेबुनियाद

- **गहलोत ने किया स्वीकार, मैदान में कहीं नजर नहीं आई पीसीसी : मदन राठौड़**
- **गहलोत अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देख बौखलाए, जनादेश को स्वीकार करें : मदन राठौड़**

आरोप लगा रहे हैं। उन्हें आरोप-प्रत्यारोप करने के बजाय अपनी पार्टी के प्रदर्शन पर आत्ममंथन करना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि निकाय चुनाव में प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया है। भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और सरकार के विकास कार्यों का परिणाम चुनाव में दिखाई दिया है। लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि होता है और चुनिंदा वार्डों या कुल वोटों के आंकड़ों के आधार पर चुनाव परिणाम की वास्तविक तस्वीर को बदलने का प्रयास नहीं किया जा सकता।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने परिसीमन को लेकर गहलोत के आरोपों पर कहा कि परिसीमन में षडयंत्र कांग्रेस के समय होता था, भाजपा सरकार में ऐसा नहीं होता। गहलोत ने बिना जरूरत जयपुर, जोधपुर और कोटा शहर के दो टुकड़े कर दिए थे, जो कि प्रदेश की जनता को नागवार गुजरा। भाजपा की भजनलाल सरकार ने एक शहर-एक निगम के आधार पर वापस एक निगम बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। वैसे परिसीमन एक निर्धारित संवैधानिक एवं प्रशासनिक प्रक्रिया है। इसे षड्यंत्र बताना संवैधानिक प्रक्रिया पर अनावश्यक सवाल खड़े करना है। परिसीमन निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के तहत किया जाता है।

मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत को यह समझना चाहिए कि जनता अब आरोपों की राजनीति से आगे बढ़ चुकी है। कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने के बजाय यह आत्ममंथन करना चाहिए कि उसके संगठन और नेतृत्व को जनता का अपेक्षित समर्थन क्यों नहीं मिल रहा है।

## आग की लपटों में उजागर हुआ नगर निगम का भ्रष्टाचार : खंडेलवाल

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील परकोटा क्षेत्र के त्रिपोलिया बाजार स्थित पुरोहित जी का कटला के सेठी कॉम्प्लेक्स में गुरुवार सुबह लगी भीषण आग ने एक बार फिर जयपुर नगर निगम की भवन एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आग की चपेट में 20 से अधिक दुकानें और गोदाम आने की जानकारी सामने आई है। संकरी गलियों, कपड़ों, प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील सामान के कारण दमकलकर्मियों को भी आग बुझाने में भारी मशक्कत करनी पड़ी।

नगर निगम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष, गिरिराज खंडेलवाल नगर निगम की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा की परकोटा क्षेत्र में वर्षों से अवैध निर्माण, व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार, बरामदों और रास्तों में सामान रखने तथा अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी की शिकायतें सामने आती रही हैं। आज की घटना ने इन सवालों को और गंभीर बना दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को यह जवाब देना होगा कि इतने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में भवनों की जांच और फायर सेफ्टी ऑडिट किस स्तर पर हुआ? यदि किसी भवन को फायर एनओसी जारी की गई थी तो क्या मौके पर जाकर यह सुनिश्चित किया गया था कि अग्निशमन उपकरण वास्तव में चालू हालत में हैं और आपात स्थिति में काम करेंगे?कांग्रेस नेता गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो यह बेहद गंभीर मामला है। संकरी गलियों वाले बाजार में अतिरिक्त निर्माण या ऐसी व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति देना, जो लोगों की आवाजाही और आपातकालीन बचाव व्यवस्था को प्रभावित करे।

उन्होंने कहा कि भाजपा बोर्ड के दौरान परकोटा क्षेत्र में हुए तमाम व्यावसायिक एवं अवैध निर्माणों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। किन अधिकारियों ने अनुमति दी, किन अधिकारियों ने निरीक्षण किया, किन भवनों को फायर एनओसी मिली और क्या मौके पर निर्धारित सुरक्षा मानक मौजूद थे-इन सभी बिंदुओं की जांच सार्वजनिक की जानी चाहिए।

खंडेलवाल ने मांग की कि पुरोहित जी के कटले के पूरे कॉम्प्लेक्स का तत्काल तकनीकी एवं फायर सेफ्टी ऑडिट कराया जाए तथा पिछले वर्षों में जारी फायर एनओसी की स्वतंत्र जांच कराई जाए।

## कोटकासिम में अध्यक्ष के नाम को लेकर असमंजस

**जयपुर।** भाजपा के सोशल मीडिया और आईटी सेल की कार्यप्रणाली को लेकर कोटकासिम नगर पालिका के अध्यक्ष पद के मामले में सवाल खड़े हो गए हैं।

पार्टी के राजस्थान एक्स अकाउंट से कथित तौर पर एक ही महिला की तस्वीर के साथ दो अलग-अलग नामों से बधाई संदेश सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है। एक पोस्ट में कोटकासिम नगर पालिका की अध्यक्ष पद पर गीता देवी के निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी गई, जबकि दूसरी पोस्ट में उसी तस्वीर के साथ अध्यक्ष पद पर रेखा सैनी को निर्वाचित बताते हुए बधाई संदेश जारी किया गया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर भाजपा का आईटी सेल किसे अध्यक्ष मान रहा है-गीता देवी को या रेखा सैनी को?मामले को इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है क्योंकि उपलब्ध चुनाव परिणामों के अनुसार कोटकासिम नगर पालिका के वार्ड 10 से रेखा सैनी भाजपा प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुई हैं।भाजपा जैसे प्रमुख राजनीतिक दल के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जारी बधाई संदेशों में यदि नाम और तस्वीर का मिलान नहीं हो पा रहा है तो इससे पार्टी की डिजिटल टीम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### सार-समाचार

## सौम्या गुर्जर ने बच्चों के साथ प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने हिंगोनिया गौशाला में गौसेवा और बच्चों के साथ सादगीपूर्ण तरीके से जन्मदिन मनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस वर्ष उनका 76वां जन्मदिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सौम्या गुर्जर ने गो-पूजन से की। उन्होंने गौ माता को हरा चारा और गुड़ खिलाकर गौसेवा की। इसके बाद उपस्थित लोगों को प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम के अगले चरण में बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्रसेवा की यात्रा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखी गई। बच्चों ने प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को उत्सुकता के साथ देखा और उनके सार्वजनिक जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉक्यूमेंट्री के बाद डॉ. सौम्या गुर्जर ने बच्चों के बीच चॉकलेट वितरित की और उनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। उन्होंने प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा की कामना की। इस अवसर पर गौसेवा, बच्चों के साथ संवाद और सेवा भावना के माध्यम से प्रधानमंत्री के जन्मदिन को जनसेवा से जोड़ने का संदेश दिया गया। हिंगोनिया गौशाला में गौसेवा और पशु कल्याण से जुड़ी गतिविधियां नियमित रूप से संचालित होती हैं।

## जयपुर में ब्राह्मण महापौर बनाने की मांग

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम में महापौर पद के लिए निर्वाचित ब्राह्मण पार्षदों में से किसी योग्य पार्षद को अवसर देने की मांग उठी है। विप्र फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर को पत्र भेजकर सामाजिक प्रतिनिधित्व के आधार पर ब्राह्मण समाज से महापौर बनाए जाने का आग्रह किया है। विप्र फाउंडेशन जोन-1 के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतीश शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष महेंद्र शर्मा और रामगोपाल शर्मा शामिल थे। कर्नल ने कहा कि जयपुर के सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान नगर निगम में भी ब्राह्मण समाज के कई पार्षद निर्वाचित हुए हैं। ऐसे में सामाजिक प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए निर्वाचित पार्षदों में से किसी योग्य व्यक्ति को महापौर पद का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के गठन के बाद से अब तक भाजपा की ओर से किसी ब्राह्मण को जयपुर का महापौर बनाए जाने का अवसर नहीं मिला है। ऐसे में इस बार भाजपा नेतृत्व यदि ब्राह्मण समाज को प्रतिनिधित्व देता है तो इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा और सामाजिक सहभागिता को मजबूती मिलेगी। कर्नल ने भाजपा नेतृत्व से मांग की कि महापौर चयन में सामाजिक प्रतिनिधित्व के इस पक्ष पर भी गंभीरता से विचार किया जाए।

## देवनानी ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिवस पर बधाई दी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और निरंतर कर्मशीलता की प्रेरक यात्रा है। देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सेवा और संकल्प की जिस कार्यसंस्कृति को आगे बढ़ाया है, वह देश के लोकतांत्रिक जीवन में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास की व्यापक आकांक्षाओं को नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाते हुए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, डिजिटल प्रगति, आधारभूत संरचना और आत्मनिर्भरता जैसे क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं का विस्तार किया है।

# एडीजीपी ने रिक्रूट कांस्टेबलों के प्रशिक्षण का जायजा लिया

**जयपुर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आर्म्ड बटालियन्स एवं एसडीआरएफ, राजस्थान रूपिन्दर सिंघ ने को हिमाचल प्रदेश के शमशी स्थित अतिरिक्त प्रशिक्षण केन्द्र, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का दो दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने

- **एडीजीपी ने विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन और व्यवस्थाओं की जानकारी ली**



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आर्म्ड बटालियन्स एवं एसडीआरएफ, रूपिन्दर सिंह ने एसएसबी का दो दिवसीय दौरा किया।

राजस्थान आर्म्ड बटालियन्स के 472 रिक्रूट कांस्टेबलों (आरटीएस) को दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया।

एडीजीपी ने विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र के क्वार्टर गार्ड का दौरा कर गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया। इसके बाद केन्द्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर रिक्रूट कांस्टेबलों के प्रशिक्षण, अनुशासन और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सैनिक सम्मेलन में एडीजीपी रूपिन्दर सिंघ ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने जवानों की समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उनके प्रशिक्षण और दैनिक जीवन से जुड़े विषयों पर व्यक्तिगत बातचीत की।

उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र की बैरकों और मैस का भी निरीक्षण किया और जवानों को उपलब्ध आवासीय एवं भोजन संबंधी सुविधाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए जवानों के कल्याण और सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

दो दिवसीय दौरे में एडीजीपी ने 472 रिक्रूट कांस्टेबलों के प्रशिक्षण, अनुशासन, रहन-सहन और कल्याण संबंधी व्यवस्थाओं का व्यापक अवलोकन किया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता के साथ जवानों की सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान में सहभागी बनें : मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का सम्पूर्ण जीवन कर्मयोगी के रूप में जनसेवा और राष्ट्रसेवा के संकल्प के लिए समर्पित रहा है। उनके परिश्रम, दूरदृष्टि और राष्ट्रिनष्ठा ने भारत के सामर्थ्य को नई पहचान दी है। उनका जीवन यह प्रेरणा देता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और देशहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ बड़े से बड़ा लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता, सुशासन और विकसित भारत की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा रहा है। विकास की गति गांव से शहर और समाज के अंतिम पायदान तक पहुंची है तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के साहसिक नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा सुदृढ़ हुई है, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी सामर्थ्य बढ़ रहा है तथा विश्व में भारत की साख और छवि मजबूत हुई है।

- **प्रधानमंत्री के स्नेह और मार्गदर्शन से हो रहा राजस्थान का बहुमुखी विकास - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राजस्थान के प्रति विशेष स्नेह और आत्मीय लगाव रहा है। उनके मार्गदर्शन में राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, राजस्थान रिफाइनरी और जयपुर मेट्रो फेज-2 जैसे महत्वपूर्ण निर्णय प्रदेश के विकास को नई गति दे रहे हैं। जल, ऊर्जा, परिवहन और औद्योगिक विकास से जुड़े प्रयासों में भी प्रधानमंत्री का निरंतर मार्गदर्शन मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने युवाओं के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में सवा लाख पदों के लिए भर्ती कैलेंडर जारी किया गया है। इससे युवाओं का भरोसा राज्य सरकार पर और अधिक मजबूत हुआ है।